डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | माघ शुक्ल पक्ष,प्रतिपदा- 2082 | सीहोर, दिन सोमवार,दिनांक 19 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

बिजली निजीकरण का विरोध किया

भोपाल। अखिल भारत विद्युत मजदूर महासंघ ने विद्युत क्षेत्र के पूर्ण निजीकरण को देश की ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों के लिए गंभीर खतरा बताया है। महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक के निष्कर्ष केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को भेजे गए हैं। केंद्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में हुई ट्रेड यूनियनों की अखिलभारतीय बैठक में महासंघ ने अपना पक्ष रखा। महासंघ की राष्ट्रीयमुखन ने कहा कि पूर्ण निजीकरण से वितरण रोकड़ों जैसी स्थिति बन सकती है, जहां शुल्क महंगे हैं और सेवाओं में अनियमितता रहती है। महासंघ ने हर राज्य में कम से कम एक सरकारी बिजली वितरण कंपनी बनाए रखने और ट्रांसमिशन को सरकारी नियंत्रण में रखने की मांग की।

मांगों को लेकर कृषि मंत्री से मिला संघ

भोपाल। मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के अतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष मोहन डामोर और सचिव नगीन गिरी के नेतृत्व में कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सर्वाल एप पर अनिवार्य उपस्थिति समाप्त करने, उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार परिवीक्षा अवधि में 70, 80 और 90 प्रतिशत वेतन नियम खत्म कर पदिवत भुगतान करने की मांग रखी। जिन जिले में उपसंचालक पद की रिक्ति, तीन माह से लंबित वेतन भुगतान, तीन विकासखंड पदों के बाद स्थानांतरण और राजपत्र जिले में अन्य कार्य नोटिस जैसे मुद्दे भी उठाए गए। मंत्री ने बताया कि मंत्री ने सर्वाल एप से बाहर रखने और दो दिन में आदेश जारी करने का

राष्ट्रीय सम्मेलन, नर्मदा में मशलियों की 93 प्रजातियां

भोपाल। शाहपुरा स्थित मत्स्यिकी परिसर में तेरहवें नेशनल स्पीशीज एक्सप्लोरेशन एंड रिसर्च सिम्पोजियम के दूसरे दिन नयी संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भूमिका पर मंथन हुआ। विशेषज्ञों ने नदियों को संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र मानते हुए संरक्षण पर जोर दिया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (सिंयू) के प्रो. विवेक जड़ल ने बताया कि नर्मदा में मछलियों की 93 प्रजातियां पाई जाती हैं।

आई बैंक एसो. व एअर इंडिया के बीच सहमति

भोपाल। अब देश के किसी भी कोने में जरूरत पड़ने पर आई बैंक और अस्पतालों में कॉर्नेट किए गए कॉर्निया को एयर इंडिया की फ्लाइट से पूरी तरह मुफ्त भेजा जाएगा। इसके लिए एयर इंडिया कोई कुली शुल्क नहीं लेगी। इस संबंध में आई बैंक एसोसिएशन और एयर इंडिया के बीच सहमति बन गई है लोटस जोन आई बैंक एसोसिएशन की मेडिकल एवं प्रवर ने बताया कि एयरलाइंस से लगातार बातचीत के बाद एयर इंडिया ने देशभर में नेत्रदान से प्राप्त कॉर्निया का मुफ्त परिवहन तय किया है।

भौरी लैंड यूज विवाद सुलझा.

भोपाल। नगर निगम की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) के तहत बने मकानों को लेकर शहर में अपेक्षित रुचि नहीं दिख रही है। शहर के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में करीब एक हजार मकान बनकर तैयार हैं, लेकिन खरीदार सामने नहीं आ रहे। इसकी मुख्य वजह ई-नीलामी है, जिसमें मकानों की कीमत बेस प्राइज से दोगुनी से भी अधिक पहुंच जा रही है। इसी बीच नगर निगम ने भौरी क्षेत्र में बन रहे पीएम आवासों की बिक्री

तबादलों | 26 आईएएस अफसरों के तबादले, 7 को अतिरिक्त प्रभार दिया

दिलीप यादव एमडी पर्यटन विकास निगम शिवशेखर शुक्ला एसीएस गृह बनाए गए

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने विदेश दौरे से पहले 26 आईएएस अफसरों के तबादले पर मुहर लगा दी। इसके सम्बंध में एक सूची जारी कर दी। वे मंगलवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की राजधानी के तत्काल बाद दावोस के लिए रवाना हो जाएंगे। तबादले में अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर प्रमुख सचिव और सचिव स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। इस सूची को लेकर पिछले कुछ दिनों से प्रशासनिक हलकों में कयास लगाए जा रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अभी फिलहाल दिल्ली में मौजूद है। मीडिया कार्मिक से जारी सूची के अनुसार अपर मुख्य सचिव (एसीएस) सिविल्स सुकुला का भार कुछ कम किया गया है। उनसे पर्यटन विभाग की कार्यभारी वापस लेकर इलैया राजा टी को पूरी तरह से सौंप दिया गया। सुकुला के पास गृह विभाग के जिन अफसरों के तबादले किए गए है, इनमें प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव, सचिव और उपसचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। 16 दिन पहले राजा दिलीप यादव इंदौर नगर निगम आयुक्त के एस संस्कृति तब अनुज्ञा स्वरूप सम्मान तथा एसीएस आर्थिक व्यय एवं गरुव भी पूर्व की तरह ही रहेगा। इसी तरह प्रमुख सचिव उमाकांत उदेशन से वापिस ना प्रभार वापस ले लिया गया है। उनके पास के पर्यटन एवं तेजी विभाग ही रहेगा जिसे अतिरिक्त प्रभार सौंपा राज्य सरकार ने सूची जिसे विवेदित की आयुक्त

उमरांव से खनिज विभाग वापस लिया उनके पास पशुपालन विभाग रहेगा

मुख्यमंत्री ने किया वरिष्ठ

महिला एवं बाल विकास मि साथ ही मिलना सरलक्ष मदन बिहारी सावलेर साथ आईएस एवं पदेन अपर उचित महिला व बाल विकास विभाग तथा एसडी मंडेला जिला विकास मिल या राज है। वो पारिवार सहा हरियाना की सचालक स्वास्थ्य उमरीदिया साथ है।प्रोजेस जोशरे को कार्यभार सम्भार के साथ फिर से गवालवा में नोटिफाइ। इसके साथ ही कई अफसरों जारीकर प्रभार दिया अब है। खरगे है कि राजोला ओगरे को कोई समय को साथ फिर से मंत्रालय में पोस्टिंग मिली है।

तरुण को स्वास्थ्य से हटाया धनराजू को प्रभार

शासन ने बालक आयुक्त शहर नहीं तो एक पैक। सहारे दीपक या स्वास्थ्य तरुण को स्वास्थ्य आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही साथ शासन विभाग के छात्र विभाग मिल गया भी ही नया दिया गया है। नया के स्वास्थ्य विभाग में उप कमिश्नर नया है। आयोग, पुस्तक को सचिव योजना, शहीद व महिला बैठक नया बनाया गया राज्य ठाकुर

शोभित जैन को प्रमुख सचिव आयुष विभाग और राजेश ओगरे को लंबे समय बाद फिर से मंत्रालय में पोस्टिंग मिली

आलोक कुमार सिंह हुए और पाँवरफुल

मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव आलोक कुमार सिंह को अब सचिव कुशलवी के साथ ही सचिव खनिज संसाधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। अलका तिवारी को इंदौर में अनुपूरक नियमित कार्य कराया गया है। वे अभी एक राजस्थान में पूर्व शेष विभाग विभाग कंपनी में सचिव थे।

सचिव माध्यमिक शाजापुरी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रोलडेवेन और इलैया राजा पुष और पाँवरफुल एए. सेल्वेन को कार्मिक नीत और समय प्रबंध विभाग के साथ-साथ औद्योगिक विभाग का प्रभार फिर मिला है।

झालावाड़ा पुलिस ने भोपाल के बंधक युवक को मुक्त कराया

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल के कोलार में रहने वाले युवक को झालावाड़ में प्रेमिका के परिजनों ने बंधक बना लिया था। एमपी पुलिस के इनपुट के बाद रविवार की शाम को राजस्थान पुलिस ने युवक को मुक्त करा लिया है। पुलिस का कहना है कि युवक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

इसके बाद उनके बयानों को दर्ज किया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं युवक के परिजन रविवार की रात को झालावाड़ के लिए रवाना हो गए हैं। सोमवार तक युवक परिजनों के साथ भोपाल लौट सकता है।

रविवार दोपहर युवक के परिजन भोपाल के कोलार थाने पहुंचे थे। परिजनों का दावा है कि भोपाल से पेशाब करवाए पिलाया गया। जिसके बाद भोपाल पुलिस ने राजस्थान पुलिस को इनपुट दिया। इस सूचना के बाद राजस्थान पुलिस ने बंधक युवक को मुक्त करा लिया।

प्रेम-प्रसंग के चलते झालावाड़ गया था

पीड़ित 18 वर्षीय सोनू भोपाल के कोलार इलाके का रहने वाला है। बताया प्रेम-प्रसंग झालावाड़ जिले के ग्राम पुजोरी निवासी एक युवती से चल रहा था। युवती करीब 15 दिन पहले भोपाल आई थी और सोनू के साथ रहने लगी थी। लगभग दो के बाद युवती को ले गए थे परिजनकरीब दस दिन पहले युवती के परिजन भोपाल पहुंचे और समझा-बुझाकर उसे अपने साथ गांव ले गए। तीन दिन पहले युवती ने ही सोनू को कॉल कर गांव बुलाया और साथ ले जाने की बात कही।

पेशाब पिलाने के आरोप लगाए

पीड़ित के साथ ही सोनू, दामाद चुन्नू, सास युवती के परिजनों और गांव वालों ने उसे लगातार मारने का किया और पेशाब पिलाए की। युवक के पीड़ित ने एक वीडियो भेजा था। जिसमें सोनू को मारा जा रहा है। जिसके बाद पीड़ित ने पेशाब पिलाने के आरोप में युवक के परिजनों की ओर से किए गए थे।

कृषि-विरोधी और श्रमिक-विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया

अखिल भारतीय किसान सभा की राज्य परिषद की बैठक संपन्न

डीआर संवाददाता॥ जबलपुर

जबलपुर स्थित कॉमरेड परसाई भवन में अखिल भारतीय किसान सभा की मध्यप्रदेश राज्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान कृषि-विरोधी और श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया।

बैठक में तय किया गया कि पूरे देश के साथ मध्यप्रदेश में भी संभागीय और उप-मंडल बिजली कार्यालयों के सामने तथा गांवों में विशेष प्रदर्शन किए जाएंगे और विधायकों को प्रतिनिधि जताई जाएंगी।

किसान सभा ने बीज विधेयक 2025 को काला विधेयक कहते हुए कहा कि ये विधेयक कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा देते हैं और किसानों, श्रमिकों व राज्यों के अधिकारों पर हमला है। संगठन का कहना है कि बीज विधेयक से छोटे किसानों को नुकसान होगा और बीजों पर बड़ी कंपनियों का कब्जा बढ़ेगा।

बिजली विधेयक को जनविरोधी बताते हुए कहा गया कि इससे निजीकरण बढ़ेगा, बिजली महंगी होगी और गरीब व ग्रामीण परिवारों पर सीधा असर पड़ेगा।

26 जनवरी 2026 को हुए ट्रैक्टर मार्च और किसान संसद की मांगों बुलंदगढ़ के आंदोलन पर मजदूर संगठनों के साथ मिलकर बिजली कर्मचारियों तथा विभिन्न मांगों निकाले जाएंगे।

बैठक में मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आंदोलन में पूरी ताकत से भाग लेने की अपील की गई।

अध्यक्ष मंडल में प्रदान दास बैरागी, गंगाप्रसाद मिश्र, जनक राठौर, राहुल भाई जी, शालकुमार शर्मा, अरविंद राह और अशोक पाठक मौजूद रहे।

पार्सल से जाम और ड्रॉप एंड गो बंद, दोनों छोर पर लोग होते हैं परेशानी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अगवानी सुगम बनाने के लिये जारी व्यवस्था ने दो तरफ से गंभीर रूप ले रही है। स्टेशन के दोनों छोर (प्लेटफॉर्म नंबर 1 और प्लेटफॉर्म नंबर 6) पर अव्यवस्था के चलते यात्रियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर पार्सल के संचालन से यातायात जाम हो रहा है, तो दूसरी ओर ड्रॉप एंड गो व्यवस्था बंद होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।स्टेशन रेलवे स्टेशन के दोनों ओर रोजाना 25 हजार से अधिक वाहनों का आवागमन होता है, जबकि ऑटोवाले और पैदल सवारी में 30 हजार से ज्यादा यात्री स्टेशन की दोनों ओर एंट्री से आवाजाही करते हैं। इसके बावजूद यात्री सुविधाओं को लेकर ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

प्लेटफॉर्म नंबर 1 . . पार्सल व्यवस्था बनी मुसीबत

स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 की ओर स्थित पार्सल ऑफिस में आए दिन ट्रेनों का सामान पार्किंग और वाहन मार्ग के आसपास रख दिया जाता है। नतीजतन सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। निजी वाहन, टैक्सी और ऑटो चालक लंबे समय तक फंसे रहते हैं। बुजुर्ग और बच्चे के साथ यात्री भी हालात और भी बिगड़ जाते हैं। स्टेशन छोड़ने या यात्रियों को लेने आए वाहन जाम में उलझ जाते हैं।प्लेटफॉर्म नंबर 6 की ओर ड्रॉप एंड गो बंदकर दूसरी तरफ, प्लेटफॉर्म नंबर 6 की ओर ड्रॉप एंड गो लाइन बंद होने से यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है। यहां वाहनों के प्रवेश पर रोक है। बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है। इसके चलते यात्रियों को काफी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव...सीएम बनेंगे प्रस्तावक

डीआर संवाददाता॥ इंदौर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए सोमवार को नई दिल्ली में नामांकन की प्रक्रिया होगी। मौजूदा कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को ही सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। उनके नाम के प्रस्तावकों और समर्थकों में नए के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत कम से 20 प्रमुख नेता शामिल होंगे।सोमवार मध्यप्रदेशभाजपा संगठनमंत्री हितानंद शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल और बीजेपी विधायकदीपक जोशी, झाबुआ पटेल, राकेश सिंह शामिल हैं। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य, 4 सांसद (दो राजसभा और 6 मंत्र के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इनमें से लगभग सभी रविवार को ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ये सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष की

चुनाव प्रक्रिया का कवरेज करेंगे। मोहन डॉक्टर के सदस्यों में दोनों दिल्ली जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल और बीजेपी विधायकदीप्ति, झाबुआ पटेल, राकेश सिंह शामिल हैं। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों में हिमाचल सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेंद्र खुराना खटीक, दुर्गादास उईके और सावित्री ठाकुर के नाम शामिल हैं। सांसदों में लखन सिंह बुलासो, शैलेन्द्र जैन, सुनिल बालमीकि, कविता पाटीदार के अलावा नारी के परिवार नेता कप्तान सिंह सोलंकी, लाल सिंह आर्य, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, ओमप्रकाश धुर्वे दिल्ली गए हैं।

अब ट्रेन स्टाफ की वर्दी में लगेगा क्यूआर कोड...

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

सफर के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं की ज्यादा कीमत वसूलने की शिकायतों और यात्रा ड्रेस कोड जारी है। आईआरसीटीसी ट्रेन में स्टाफ कोड आधारित नई व्यवस्था शुरू कर रहा है। इसके तहत वेंडर और ऑन-बोर्ड स्टाफ की यूनिफॉर्म पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा। इसे स्कैन करते ही यात्रियों के मोबाइल पर जानकारी खाद्य सामग्री, उसका मेनू और आधिकारिक कीमतें दिखाई देंगी। इसी कोड से डिजिटल भुगतान भी किया जा सकेगा। आईआरसीटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हरिश एवं सिंह ने बताया कि यह पहल पारदर्शिता बढ़ाने और अधिक कीमत वसूलने की शिकायतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। यात्री अब यह साफ तौर पर जान सकेंगे कि वे जो भोजन या पेय पदार्थ ले रहे हैं, उसकी वास्तविक कीमत क्या है।

भोपाल रेल मंडल के वाणिज्य डीसीएम सौरभ गंगाखेड़ा के अनुसार, योजना को सेंट्रल रेलवे, वेस्ट सेंट्रल रेलवे और कोंकण रेलवे के सहयोग से लागू किया जा रहा है। आगे चलकर इसे देशभर की ट्रेनों और प्रमुख स्टेशनों तक विस्तार देने की तैयारी है।

नई प्रणाली की शुरुआत मुंबई से चलने वाली प्रीमियम ट्रेनों से की जाएगी। वंदे भारत और राजधानी ट्रेनों में स्टाफ को नेमी खु जैकेट दी जाएगी, जिस पर डेस्क्रिप्शन नंबर भी दर्ज होगा।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

भोपाल। भोपाल के अरेरा हिल्स इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एम्बुलेंस से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एमपी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मौसम | मौसम तापमान कितना भी रहे, जनवरी में अब 16 घंटे ठंडक के ही

मकर संक्रांति के बाद बदला मौसमय दिन में राहत, लेकिन रात-सुबह अब भी सर्द

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मकर संक्रांति के बाद भोपाल में मौसम – का मिजाज बदला नजर आ रहा है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी के बावजूद रात्रि के समय शहर जकड़ मिली है, लेकिन रात और सुबह की ठंड अब भी बरकरार है। बीते 24 घंटों में शहर के न्यूनतम तापमान में 3.6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और पारा 11 डिग्री तक पहुंच गया। इससे पहले 10 डिग्री से नीचे तापमान ने लोगों को कांपा दिया था। रविवार को दिन के तापमान में भी 1.2 डिग्री की बढ़ोत्री दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार

तापमान बढ़ने से बावजूद जनवरी में ठंड पूरी तरह खत्म

नहीं होगी। मौजूदा स्थिति में शाम करीब 5 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक ठंडक बनी रहने की संभावना है। घनी तापमान वाले जिलों में रहे, जनवरी में औसतन 10 घंटे तक ठंड का असर रहता है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. पीडी मिश्रा के मुताबिक जनवरी में दिन छोटे और रातें लंबी होती हैं। धरती पर सूरज की किरणें देरी से पहुंचती हैं, जिससे जमीन को पर्याप्त गर्मी नहीं मिलती। इसी वजह से सुबह और शाम की ठंड अब भी लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर कर रही है।

जनवरी के बाकी दिनों में कैसा मौसम की संभावना

अगले 10 दिन न्यूनतम तापमान 9 से 12 डिग्री के बीच रह सकता है। सुबह हल्का कोहरा या धूप छा सकती है। दिन में हल्की धूप, लेकिन तेज नहीं होगी।

आंधियों हवाओं से एक और परिस्थिति विशेष का असर संभव है। इससे रात का तापमान फिर गिर सकता है। लोगों को अभी जैसी स्थिति से इत्मीनान नहीं किया जा सकता।

---

493 करोड़ का सालाना कारोबार ठप

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल में मांस से भरे ट्रक पकड़े जाने के बाद प्रशासन की कार्रवाई तेज हुई और इसका सीधा असर शहर के लोकल स्लॉटर हाउस पर पड़ा, जहां फिलहाल ताला लगा हुआ है। इक बैलाड़े के बाद बकौली मीट से जुड़ा पूरा सिस्टम ठप हो गया है। मामला अब सिर्फ जांच या कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हजारों परिवारों की रोजगार की जिंदगी पर साफ नजर आने लगा है।

दुकानों के शटर गिर चुके हैं, होटल और ढेले बंद हैं और कई घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। सालाना करीब 5493 करोड़ के कारोबार से जुड़ा यह सेक्टर अब एक बड़े सामाजिक

और आर्थिक मुद्दे के रूप में सामने आ गया है।

कुरैशी बोले- घर में अनाज तक नहीं, आठ दिन से काम बंद

कुरैशी इलाके की रहने वाली सलमा बताती हैं कि उनके घर से सभी लोग इसी काम से जुड़े थे। स्लॉटर हाउस बंद होने और दुकानों पर ताला लगने के बाद हालात बेहद खराब हो गए हैं। सलमा के मुताबिक, घर में आटा, तेल, सब्जियां, मसाले और चाय तक नहीं है।

आठ दिन से कोई काम नहीं है और बच्चे घर से बाहर तक नहीं जा रहे। रमजान और शादी-ब्याह का सीजन सामने है, लेकिन आमदनी पूरी तरह बंद है। उनका कहना है कि यह परेशानी सिर्फ उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे बिरादरी की है।

200 से ज्यादा दुकानें, 25 हजार से अधिक लोगों का रोजगार प्रभावित

जमीयतुल कुरैश के जनरल सेक्रेटरी रफीक कुरैशी ने बताया कि भोपाल में कुरैश समाज की करीब 200 से अधिक दुकानें संचालित होती थीं, जिनसे सीधे तौर पर लगभग 6000 लोग जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर बिरयानी, कबाब, होटल, ढाबे और छोटे खाने-पीने के ठेलों को भी जोड़ा जाए, तो करीब 25 हजार से अधिक लोगों का रोजगार इस समय प्रभावित हो चुका है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | माघ शुक्ल पक्ष,प्रतिपदा- 2082 | सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 19 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

वरिष्ठजनों के लिए टोलफ्री हेल्पलाइन नंबर जारी

सीहोर। वरिष्ठजनों के लिए टोल-फ्री एल्डर लाइन हेल्पलाइन 14567 है, जिस पर अलग-अलग समस्याओं पर सुझाव, भावनात्मक सहयोग और काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है। यह केन्द्र सरकार की योजना, मध्यप्रदेश में संचालित की जा रही है। एल्डर लाइन नम्बर 14567 हेल्प एज इंडिया द्वारा संचालित है।

विद्यार्थी के नवीनीकरण के आवेदन 30 तक

सीहोर। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा सत्र 2026-27 के लिए वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रदेश के शासकीय, आदर्श संस्कृत विद्यालय, अशासकीय संस्कृत विद्यालय, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के लिए संबद्धता नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। एमपी ऑनलाइन से 30 जनवरी तक आवेदन लिए जा सकते है।

मान्यता व नवीनीकरण के आवेदन अब 20 तक

सीहोर। प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 जनवरी कर दिया है। इससे पहले 31 दिसंबर थी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा।

सेवादल कांग्रेस की बैठक कल सुबह 11 बजे

सीहोर। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेंद्र खनवाले जाटव ने बताया कि 20 जनवरी को सुबह 11 बजे नेहरू पार्क बस स्टैंड में सेवादल कांग्रेस व सभी कांग्रेस के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों की एक दिवसीय बैठक रखी गई है।

स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए देना होगी सीयूईटी

सीहोर। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही स्नातकोत्तर में प्रवेश मिलेगा।

कलश यात्रा के साथ नर्मदा पुराण कथा आज से

भैरूंदा। नगर में आज से भव्य संगीतमय नर्मदा पुराण कथा की शुरुआत हो रही है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर और आसपास के गांवों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गायत्री मंदिर से शुरू होकर रेस्ट हाउस रोड, दुर्गा मंदिर चौराहा, मेन रोड और बस स्टैंड होते हुए नर्मदा मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयघोष करते हुए नगर भ्रमण करेंगे। इससे पूरा नगर धार्मिक रंग में रंग जाएगा। कलश यात्रा के समापन के बाद दोपहर एक बजे नर्मदा मंदिर परिसर में विधिवत रूप से नर्मदा पुराण कथा का शुभारंभ होगा। इस आयोजन का संचालन बड़ी प्रसाद मुनीम नगरवासियों के सहयोग से कर रहे हैं। कथा वाचन पंडित राजेन्द्र प्रसाद तिवारी करेंगे। वे सरल भाषा में नर्मदा पुराण के प्रमुख प्रसंगों, नर्मदा जी की महिमा, धार्मिक महत्व और मानव जीवन में धर्म व संस्कारों की भूमिका पर प्रवचन डालेंगे। आयोजकों ने नगर और आसपास के श्रद्धालुओं से

मौनी अमावस्या नर्मदा स्नान और सलकनपुर दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, ब्रह्म मुहूर्त से नर्मदा तटपर गूंजे जयकारे

सलकनपुर पहाड़ी मार्ग पर दिनभर रेंगते रहे वाहन, 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मौनी अमावस्या पर रविवार को नर्मदा स्नान बड़ा और भक्ति से सराबोर नजर आया। अलसुबह ब्रह्म मुहूर्त में करीब पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। घाटों पर हर-हर नर्मदे और नर्मदे हरए के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालु स्नान के साथ-साथ पूजन-पाठ, कथा और तर्पण करते नजर आए। यह पुण्य स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक लगातार जारी रहा।

नीलकंठ और आंवली घाट बने श्रद्धा के केंद्र

मौनी अमावस्या पर सीहोर जिले के नीलकंठ घाट, आंवलीघाट, नीलकंठ सहित अन्य नर्मदा घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। खासकर नीलकंठ घाट और आंवलीघाट श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने रहे। रीवाकुंज तहसील के समीप स्थित नीलकंठ घाट पर भगवान शिव के नीलकंठेश्वर स्वरूप का प्राचीन और सिद्ध मंदिर स्थापित है। मान्यता है कि यहां मां नर्मदा में स्नान और भगवान नीलकंठेश्वर के दर्शन से जन्म-जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां मिलने वाला पुण्य काशी जैसे तीर्थों के समान कल्याणी होता है।

सलकनपुर धाम में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

नर्मदा स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु दैवीधाम सलकनपुर में मां बीजासन के दर्शन के लिए पहुंचे। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सलकनपुर धाम में आस्था का अनूठापूर्व दृश्य देखने को मिला। परिवार को कंधे दो लाठा से अधिक श्रद्धालुओं ने लगातार मां के दर्शन किए। गंदेर परिसर से लेकर आरतीघाट के छोर तक भक्तों की भीड़ लगी रही और अपना माता रानी से जयघोष लगातार गूंजते रहे। श्रद्धालु मनोकामनाओं से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते नजर आए।

रोपवे बंद, सीढ़ी व सड़क मार्ग पर घंटों जाम

इस दौरान सलकनपुर में रोपवे रोपा अचानक बंद से बंद होने से श्रद्धालुओं को

भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीबन रोपवे सर्विस कोलकाता द्वारा संचालित रोपवे 15 जनवरी से 20 जनवरी तक तकनीकी रखरखाव और सुरक्षा जांच के चलते बंद है। रोपवे बंद होने से श्रद्धालुओं को सीढ़ी मार्ग और सड़क मार्ग से ही दर्शन करने पड़े। जिससे मौनी गर्मी पर भी जाम की स्थिति बनी रही। भारी भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और धैर्य देखते ही बनता था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या पर तो सलकर स्नान, दान-पुण्य और मंदान किया की पूजा से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इससे विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने व्यवस्था के बावजूद दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

अवैध शराब सहित एक आरोपी को पकड़ा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले की शाहगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ रविवार को कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ट्रक्टा सुमो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी शाहगंज निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदेह रंग की टाटा सुमो (एम-04-ज-0507) में एक व्यक्ति बाड़ी की ओर से अवैध शराब लेकर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जोनाखेड़ा-गलबर्डी रोड के बीच घेराबंदी की। कुछ देर बाद संकेत की ओर से आ रही टाटा सुमो को रोककर जब्तकर से पूछताछ की। वाहन में अमन-11 नाम व्यक्ति बैठा, तिवारी मुहल्ला, सीहोर निवासी पाया गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। जब्त की गई शराब में गोवा कंपनी की 7 पेटी अंग्रेजी शराब (63 लीटर, कीमत 45,000 रुपए), 7 पेटी देशी फोन गरमला क्वार्टर, 2 पेटी देशी फोन नदिया (स्पेशल) और 1 पेटी एन्डी. स्प क्वार्टर शामिल है। कुल मिलाकर 15264 लीटर शराब जब्त की गई, जिसमें 848 क्वार्टर थे। इसकी कुल कीमत 90,100 रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने अवैध देशी और अंग्रेजी शराब के साथ टाटा सुमो वाहन (एम-04-ज-0507) को भी मौके पर जब्त कर लिया। आरोपी बाबूलाल बैद के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

ई-जीरो एफआईआर को नियमित में बदलवाने 30 दिन का समय मिलेगा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

एक लाख रुपए से अधिक के ऑनलाइन साइबर ठगी के मामलों में दर्ज होने वाली ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था को लेकर राज्य साइबर पुलिस ने बड़ी राहत दी है। गलत पीड़ित को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर ई-जीरो एफआईआर को नियमित एफआईआर में बदलवा सकें। इससे पीड़ितों पर लगा होता। पुलिस ने तीन विभिन्न फोरमों इससे जुड़े तीन इन फोरमों से पुलिस के तीन फोरमों जोड़े गए हैं। इसमें नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, राज्यीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (जेआई क्यूसी), और कॉमन एक फिनेन्स इंटिग्रेशन नेटवर्क एंड रिसर्च (सीईआईएनएटी) शामिल है।

इस दौरान राज्यों ई-जीरो एफआईआर के 3 करोड़ शिकायतों सीधेतः 1800 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत कर चुका है। एक लाख से अधिक की शिकायतों पर केंद्र व राज्य पुलिस ने कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार 16 संवेदनशील राज्यों के प्रमुखों से चर्चा की गई है। कारण कार्य पहुंचने में समय की कमी न हो। यह सुनिश्चित करने संबंधित पुलिस बलों को दी गई इस दौरान खाता रोकने फ्रीज को नोटिस जारी कर चले बुलाएगा, ताकि वह निर्धारित समय सीमा में अपनी ई-जीरो एफआईआर को नियमित एफआईआर में बदलवा सकें। इससे पीड़ितों पर लगा होता। पुलिस ने तीन विभिन्न फोरमों इससे जुड़े तीन इन फोरमों से पुलिस के तीन फोरमों जोड़े गए हैं। इसमें नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग

बाल अपचारी भी शामिलय चांदी की चेन, नकदी और बाइक जब्त

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले की गोरेका पुलिस ने डकैती के चार आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से एक चांदी की चेन, एक पर्स, नकदी और मोटर से इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है। तीन आरोपियों ने विश्वास पाने से चोरी और मारपीट के मामले दर्ज हैं, जिसमें पहले उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार 16 जनवरी को ग्राम भोलपुर निवासी गोविंद शाहीर ने थाना तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। गोविंद ने बताया था कि आरोपियों ने उससे चांदी की चेन और पर्स सहित 12,000 रुपए छीन लिए थे। इस शिकायत के आधार पर गोरेका थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस की एक विशेष टीम ने मुखबिर से जानकारी जुटाई और कुछ संदिग्धों की पहचान की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से पुलिस ने अल्लाह खान, आजाद खान, सोहनलाल अरावत खान उर्फ बुधिया और एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

बताते की जांच के दौरान आरोपी आदत द्वारा छीनी गई चेन खरीदने की बात सामने आई, जिसके बाद उस पर चोरी का माल खरीदने की धारा भी जोड़ी गई। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन लाख 20,000 रुपए का मसरूका जब्त किया है। इसमें एक चांदी की चेन, एक पर्स, 1,000 रुपए नकद और घटना में प्रयुक्त मोटर शामिल है।

भोपाल ने सीहोर को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के मार्स मैदान पर रविवार को मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावान में खेली गई एमपीसीएल फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एक तरफा रहा, इसमें भोपाल की लेक सिटी फुटबाल टीम ने सीहोर किलक्स को 3-0 से हराया और 51 हजार रुपए का पुरस्कार और विजेता ट्राफी अपने नाम की। वहीं उपविजेता सीहोर टीम को 31 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की।

इसके अलावा करीब डेढ़ लाख रुपए की इनामी राशि खिलाड़ियों को पुरस्कार के रूप में प्रदान की। फाइनल के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष हिंस रावीर और संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी राजेश्वरम विहार कॉलोनी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

पुरस्कार वितरण के दौरान मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन से रविंद्र अग्निहोत्री, रंजन देव, एचएस नवमी, कमलेश अग्रवाल, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, दीपक गुलवानी, अक्षय पांडेय, मनोज तम्बोलिया, मनोज अहिरवार, मनोज दीक्षित नाना, विनित पंडार, विजेन्द्र परमार, ज्योति गौर आदि शामिल थे। मैच के 34 वे मिनिट में गोल करने से सफल रही भोपाल

रविवार को दोपहर में खिताबी फाइनल के मुकाबले में दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। भोपाल लेक सिटी की टीम ने सीहोर के डिफेंस घेरा के गोल करने के प्रयास को असफल करते हुए मैच के 34 वे मिनिट में भोपाल की ओर से अंतिमक्षा में गोल किया। इसके बाद कुतुब ने 45 वे मिनिट और वीरेन्द्र गोल 60 मिनिट पर भोपाल की ओर से गोल में किया।

ग्रामवासियों को किया जा रहा है जल गुणवत्ता के प्रति

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर बालमुरुगन के निर्देशानुसार जिले में जलजीवन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल विभाग के अधिकारियों एवं तकनीकी अमले द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्रामवासियों को फील्ड टेस्टिंग किट के उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई जा रही है और उन्हें जल गुणवत्ता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां देकर जागरूक किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणजन स्वयं भी समय-समय पर अपने पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर सकें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सूचित कर सकें।

इसी क्रम में नरवाडापुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना एवं नीलकंठ-नेवाजा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों

महायज्ञ ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर भक्तिमय हुआ शहर

आज किया जाएगा महायज्ञ के दौरान अग्नि स्थापन-नित्य हवन-पूजन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के प्रसिद्ध कड़ोदी माता मंदिर गंज में ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को आस्था और उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस मौके पर दोपहर में गंज स्थित राठौर धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, खासकर महिलाएं, अपने सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया, और यह यात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गई, जिसमें सड़कें माताओं से भर गईं और जयकारों से गूंज उठी, जो सुख-समृद्धि और विघ्न कल्याण की कामना का प्रतीक है। कलश यात्रा शहर के माता मंदिर पर पहुंची इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय राठौर, मुख्य यजमान सुभाष तरुण राठौर सहित अन्य ने यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान किए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप सामरिया ने बताया कि रविवार से आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर संयुक्त मां आस्था उत्सव समिति और शहरवासियों के तत्वावान में किया जा रहा है। यहां पर लगातार नौ दिनों तक नगर भोज का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन हवन पूजन के पश्चात शाम को सभी श्रोताओं और यजमान सहित श्रोताओं एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। वहीं सोमवार को सुबह सात बजे से महायज्ञ के दौरान अग्नि स्थापन नित्य हवन पूजन का प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी श्रोताओं से ऐतिहासिक आयोजन में भगवती, प्रकृति, जगदम्बा की प्रसन्नता के लिए दुर्गा सप्तशती के पाठ एवं हवन इत्यादि में शामिल होने की अपील की है।

सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन लोगों के जीवन से परेशानियों को दूर करने यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन लोगों के जीवन से परेशानियों को दूर करने और शांति व समृद्धि की प्राप्ति के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, यह यज्ञ किसी व्यक्ति या उसके परिवार की इच्छाओं की पूर्ति के लिए अत्यंत प्रभावी है और इससे जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

योजना के तहत किसान प्रशिक्षण का हुआ समापन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

इछावर तहसील के भाऊखेड़ी से अहोरिया धर्मा में एकीकृत बागवानी मिशन योजना (एचआईटीएम) के अंतर्गत उद्यानिकी विस्तार द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण सेमिनार का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही किसानों को उद्यानिकी फसलों में लगाने वाले कीट एवं रोग की पहचान और इसके प्रबंधन के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उद्यानिकी फसलों में तकनीकी का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन के तरीकों से अवगत कराया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि वे किस प्रकार अपने उत्पादों की आकर्षक पैकिंग एवं ब्रांडिंग करके उनकी अच्छी मार्केटिंग कर सकते हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर माघ शुक्ल पक्ष,प्रतिपदा- 2082 सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 19 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

पं. जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह आज

सीहोर। पूज्यवर पं. जनार्दन शर्मा की 47वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सुरभि पंडित जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद रामकल्याण राठौर को जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर अमरावती जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश राय होंगे। आयोजन समिति के संयोजक ब्रिजेंद्र जायसवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम अंबाडत भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान व अन्य साहित्य परिषद जिला इकाई के संयुक्त से आयोजित किया जा रहा है। काव्य गोष्ठी एवं विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें साहित्यकार, कवि एवं बुद्धिजीवी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। समारोह सोमवार को दोपहर 2 बजे से, रेवा पुरी स्कूल, स्वामीनारायण मंदिर के पास, रहेजा रोड पर आयोजित होगा।

25 साल से हो रहा सिंगाजी महाराज मंदिर में भंडारा

आष्टा ग्राम पंचायत मूसोद में बीबी 1008 सिंगाजी महाराज मंदिर में जो विजयीय पार्थिव पंडाल, प्रसादी और निशान यात्रा का आयोजन होगा। 19 जनवरी शनिवार को मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। 20 जनवरी मंगलवार को भंडारा रखा गया है। इसमें गांव के साथ दूर-दराज से भक्त पहुंचेंगे। सुनील पलसार ने बताया कि यह आयोजन पिछले 25 वर्षों से हो रहा है। पहले मंदिर में केवल कलश निशान का ओटला था। अब भक्तों और श्रद्धालुओं की मदद से भव्य मंदिर बन चुका है।

उर्स का समापन, मुल्क में अमन शांति की दुआ

बरेली वाले पीर सरकार हजरत अल्लाह शाह मोहम्मद मैहदी मियां साहब कादरी चिश्ती निजामी निजामी का 47वां उर्स मुबारक 15 से 17 जनवरी तक जिला आष्टा में मनाया गया। सदारत खानकाह ए कादिरिया निजामिया बरेली शरीफ के सज्जादानशीन हजरत मैहदी मियां साहब ने की।

आयोजन निजामिया कमेटी के सैयद कासिम अली निजामी की देखरेख में हुआ। उर्स में प्रदेश और अन्य राज्यों की मशहूर कव्वाल पार्टियों ने सूफियाना कलाम पेश किया। 15 और 16 जनवरी को महफिल-ए-समा और कव्वाली हुई। 17 जनवरी को बुजुर्गाने दीन, निजाम शरीफ, लंगर और चादर शरीफ पेश की गई। रात 9 बजे से कव्वाली की महफिल शुरू हुई। रात 2.30 बजे तक खुल और रंग की महफिल चली। देर रात तक भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दीप ज्योति यात्रा से गांव जगनगया, पंडाल छोटा पड़ा

आष्टा। गांव खजीपुर में चल रही भागवत कथा के छठे दिन सुबह 5 बजे दीप ज्योति यात्रा निकाली गई। कथावाचक कविता दीदी के सान्निध्य में यात्रा गांव के मुख्य मार्ग से निकली। सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं थाली में दीपक रखकर भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों के साथ झूमती, नाचती, गाती हुई गांव की परिक्रमा कर रही थीं। दीपों की रोशनी से पूरा गांव जगमगा उठा। कथा में भक्त बन्ना जाट की मार्मिक कथा सुनाई गई। वासुदेव से बाल लीला, माखन चोरी, रुक्मणी विवाह और वृंदावन से विदाई का करुणामय वर्णन किया गया। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए। श्रद्धालुओं की संख्या इतनी बढ़ गई कि पंडाल छोटा पड़ गया।

खेल महोत्सव मुखर्जी ग्राउंड आष्टा में खेल महोत्सव के दौरान सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा-

हार से न विचलित हों, न जीत से अहंकार करें

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कहा अपने सोचा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल महोत्सवों का आयोजन पूरे देश की सभी लोकसभा क्षेत्रों में क्यों किया है? इसके पीछे प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच है कि देश का युवा स्वस्थ और अनुशासित हो। हमारे क्षेत्रीय अंचलों में कुश्ती और देशी खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिले। ताकि वे खुशी प्रतिभाएं उभरकर आएं और आगे जाकर अपने प्रदेश और देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका सकें। खिलाड़ी हमेशा ध्यान रखें कि वे हार से दुखी और विचलित न हों और जीत के अहंकार में न डूबें।

यह बातें आष्टा की डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर आयोजित देवगढ़-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में आष्टा विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव को संबोधित करते हुए सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहीं। इस आयोजन में स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले सभी खेलों जैसे कबड्डी, रस्साकशी, दौड़, बॉलीबॉल, खो-खो आदि को शामिल किया गया है। इस दौरान सांसद सोलंकी ने आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की खुले मंच से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विधायक के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी अधिकारियों ने भी बहुत सहयोग की है। आज सब खिलाड़ी टीम भावना के साथ अच्छा प्रदर्शन करें और जीत-जीत-हार की चिंता किए बिना अपने-अपने खेलों में 100 प्रतिशत देने की कोशिश करें।

महोत्सव को संबोधित करते हुए सांसद महेंद्र सोलंकी और अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए खिलाड़ी

विधायक ने दिए 2 लाख के पुरस्कार सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने मंच से बताया कि

देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली आठ विधानसभाओं में खेल महोत्सव हो रहे हैं। आठों विधानसभा में विजेता टीमों को लगभग 23 लाख रुपए के पुरस्कारों का वितरण होना है। आष्टा विधानसभा क्षेत्र में विजेता टीमों को कुलीन 2 लाख के पुरस्कार दिए जाने हैं। जब मैं अपनी तैयारी के साथ यहां पहुंचा, तब विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपनी खेल और खिलाड़ी भावना का प्रदर्शन करते हुए कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों और टीमों को जो खेलों में भाग ले रही हैं, उन सभी भिजेताओं को पुरस्कार में अपनी ओर से दूंगा। उन्होंने आष्टा विधानसभा स्तरीय खेल महोत्सव में विजेताओं को नगद प्रत्येक 2 लाख के पुरस्कार दिए।

विजेताओं को दिए पुरस्कार सम्मान पर सभी विजेता खिलाड़ियों और टीमों को सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने जन्मदिनविशेषों और वरिष्ठ नेताओं की सहभागिता के साथ पुरस्कारों का वितरण किया। इस अवसर पर पर सभी सहयोगी विभागों के विभाग प्रमुखों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लगभग तीन घंटे तक चलने वाले कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ी सांसद से बोले कि वे स्वयं, अपने निजी परिवार जनों और समाज जनों को नशे की लत्तों से दूर रहने के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जो भी युवा या व्यक्ति नशे की लत में शामिल हैं, उन्हें नशा मुक्ति की ओर ले जाएंगे।

आप सशक्त, आत्मनिर्भर भारत के खिलाड़ी

कहा, ऐसा मुझे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि मेरे क्षेत्र के सभी युवा खिलाड़ी और सभी टीमों के प्रतिभागी शानदार प्रदर्शन करेंगे और विजयश्री का वरण करेंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। विधायक इंजीनियर ने कहा कि आप सभी खिलाड़ी गए जाकर हुए रास्ता और आत्मनिर्भर भारत के युवा खिलाड़ी हैं। हमारे खिलाड़ी जो गर्मी में विजय करते हैं और तिरंगे लगाने खेल के प्रदर्शन के लिए उचित प्लेटफार्म नहीं मिल पाता था, इसलिए जिला प्रशासनश्री ने जगहों हुए शासन खेल महोत्सवों का आयोजन किया है।

राज्य, जिला एवं विकास खंड स्तर पर आयोजित होंगी अनेक गतिविधियां

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। जो 13 फरवरी 2026 तक चलेगा। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में भी पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. दीपक पटेल ने सभी जिलों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि यह अभियान राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं क्षेत्रवाड़ी गुणक गतिविधियों के माध्यम से संचालित होगा।

अभियान के अंतर्गत पशुकल्याण, पशु चिकित्सा सेवाएँ, उन्नत पशुपालन, भेड़ों, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित योजनाओं के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए संगोष्ठियां, ऑनलाइन वेबिनार, युवा संवाद, गोपालकों एवं पशु कल्याण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विभागीय दलों द्वारा भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं पशु कल्याण की जानकारी दी जाएगी।

जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी वेटरा-पैरावेटरा गोसेवक मैत्री कार्यकर्ता, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, पशु रोगों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूहों के सदस्य एवं पशु-सखी के सम्मान से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

युवाओं को दिलाई स्वदेशी अपनाने की शपथ

डीआर संवाददाता>>बैरसिया

नगर के शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अन्त्योदय अभियान एवं स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के दो साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री परिवार के वरिष्ठ पुरुषोत्तम मीणा ने की। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सिद्धांत आज भी समाज को दिशा देने का सशक्त मंत्र बने हैं। मुख्य अतिथि पार्थसिंह चौहान ने भारत के विकास की दिशा स्वदेशी और राष्ट्रहित से निर्धारित है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता एवं जिला समन्वयक पारस उपाध्याय ने स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। शपथ लेने की सलाह भी उन्होंने सभा को भारत का भविष्य गांवों में बसता है। गांवों की समृद्धि से ही देश का वास्तविक अभ्युदय संभव है। कार्यक्रम में ग्रामीण प्रभावी मजबूत योजनाओं को साझेदार अभियानों पर जानकारी देते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी।

गाजे-बाजे के साथ 20 से अधिक गांवों के ग्रामीण देवधर्मी की गादी पर पहुंचे

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले के सलैथा ग्राम मंदोरी में हरिवार सुबह होते ही मंदोरी के कलजा, पिपलिया, बोरा, गनवासुख, आलमपुरा, विलखिलाना, कालकाखेड़ी, नोदी, तरा, अमरोद, खानखेड़ा, नूना, पचाना, नवापुरा, बैरागढ़, खुशाल, नरसेड़, भोन्री, पकड़ी, रंगोलिया, अर्जीपुरा, खोकिया सहित आसपास के 20 से अधिक गांवों से ग्रामीण गाजे-बाजे, ढोल, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ देवधर्मी की गादी पर पहुंचे।

महिलाएं सिर पर कलश लिए, पुरुष ध्वजाएं लगाते और बच्चे उत्सुक निगाहों से ये दृश्य अपलक देख रहे थे। एक श्रीकोलेटर से भी अधिक कलश यात्रा ने पूरे गांव को मानो मेले में बदल दिया। हर मेले पर लगाई की जिन्नी को बीमारी से मुक्ति की आस थी, तो कोई

सम्पन्नता का चार बजाए। गांव के सरपंचमेंबी एवं किसान एन्पुरु नेवाड़ा ने बताया कि शनिवार सुबह देवधर्मी की गादी के पहाड़ी के तलों में नागलोकिक रूप से पानी प्रकट हुआ, जिसके बाद यह मान्यता फैल गई कि देवधर्मी ने एक हजार लक्ष लोगों के दुख-दर्द हरने का वचन दिया है। यह खबर आसपास के गांवों में फैली और सोशल मीडिया को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। देवधर्मी की गादी पर सभी परवार में लोग अपनी-अपनी पीड़ा लेकर गए और उन्हें समाधान का मार्ग बताया गया। आस्था के इस सैलाब में पूरा जिला गुंजित हुआ भागवत कथा का आयोजन होगा।

श्री सांवरिया सेठ और चौरासी महादेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एक फरवरी से

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के रौंदाल विहार कालोनी के पीछे पुनर्वास कालोनी में श्री सांवरिया सेठ समिति के तत्वाधान में श्री सांवरिया सेठ एवं चौरासी महादेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी एक फरवरी से सात फरवरी तक किया जाएगा। इस मौके पर आगामी 31 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव की शुरुआत की जाएगी।

श्री सांवरिया सेठ 84 महादेव मंदिर का ध्वजा रोहण किया गया सर्व प्रथम गणेश पूजन आचार्य पं रविन्द्रचार्य शर्मा पं मनोज शर्मा पं दीपेंद्र शर्मा द्वारा पूजन कराई गई विद्यालय सुरेश राय और श्रीमती अरुणा राय, मंदिर समिति अध्यक्ष लक्ष्मीलाल जाजू, राकेश गुप्ता शरदा आरके खेड़ा गट्टू प्रवीण तिवारी निर्मला शर्मा राधेश्यामी शर्मा रेखा गुप्ता, विमा गुप्ता, सरोज रावत, कल्पना दुबे, आशा शर्मा निर्मला शर्मा ज्योतिषाचार्य पाठक प्रसन्ना दाभी सांगीता बर्मेय शाह भी ध्वज समिति के सदस्य के द्वारा पूजन पूजन किया गया दिनांक 31 जनवरी को कलश यात्रा 1 फरवरी से 7 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन भी हो रहा है आप सभी शहर वासियों सादर आमंत्रित हैं इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री सांवरिया सेठ समिति की अध्यक्ष श्रीमती लता राज शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा पंडित कठारे बाबा के आशीर्वाद से महोत्सव के अंतर्गत शहर विभिन्न महोत्सव में प्राण-प्रतिष्ठा के अलावा कथा वाचक पंडित रविन्द्राचार्य के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज-देश व्यापी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के तत्वाधान में पूरे देश व्यापी सहित आस-पास के प्रदेशों में राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देवलिया और युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल के द्वारा मनाया जिला जा रहा है। इस क्रम में रविवार को प्रदेश के चार जिले स्थित शिवनगुर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज की एकता को लेकर मंथन के पश्चात आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से की गई।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देवलिया और युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल मौजूद रहे। समाज के नव नियुक्त पदाधिकारी, युवा साथी और सम्मानजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में संगठन से जुड़े विषयों, समाज की एकता, प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार और आगे की गतिविधियों पर चर्चा हुई।

हिन्दू सम्मेलन देवीपुरा में विशाल हिन्दू सम्मेलनबड़ी संख्या में सनातनी हुए शामिल

देवीपुरा अहमपुर में कलश यात्रा के साथ हिन्दू सम्मेलन में जुटा सनातनी समाज

डीआर संवाददाता>>अहमदपुर

कस्बा देवीपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग, संत, समाजसेवी और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रांतिकारी राष्ट्र संत डॉ. तरुण बापू जी (खरगपुर धाम) रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता, श्रीराम और भारत माता के चित्रों के पूजन तथा तुलसी के पौधे की विधिवत पूजन के साथ हुआ। इससे पूर्व बरखेड़ा रोड से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो प्रमुख बाजार, भीलाखेड़ी जोड़ होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में श्रद्धालु, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे कस्बे में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा।

सम्मेलन में वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति और राष्ट्रहित पर विचार रखे। मुख्य वक्ता डॉ. तरुण मुनि बापू ने हिन्दू समाज को एकजुट होने और जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने परिवार, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया तथा पंचतत्व, नदियों और गौ माता की रक्षा को समाज का मूल दायित्व बताया। साथ ही आरएसएस की 100 वर्षों की यात्रा और उसके संदेशों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन जिला कृषक कार्य प्रमुख राजेश विश्वकर्मा ने किया। सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल में सम्पन्न हुआ। अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया और सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ।

महिला मंडल के तत्वाधान में हल्दी-कुमकुम उत्सव

डीआर संवाददाता>>सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के सनावदी लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में सरयू ब्राह्मण महिला मंडल के तत्वाधान में आस्था और उत्साह के साथ हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सरयू ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री नीलम शरमा ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर साल महिलाओं के द्वारा हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस साल भी ब्राह्मण धर्मशाला में उत्सव के साथ आयोजन किया गया और मकर संक्रांति पर्व मनाया गया।

महिलाओं के द्वारा कीर्तन और भजन के पश्चात भोजन प्रसादी वितरण की गई। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान सुहाग सामग्री महिला मंडल की ओर से भेंट की गई।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | माघ शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2082 | विदिशा, दिन सोमवार, दिनांक 19 जनवरी, 2026

न्यूज गैलरी

उत्कृष्ट में प्रवेश के लिए आवेदन 28 फरवरी तक

विदिशा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी राज्य शासन स्कूल की वेबसाइट [illegible] पर के माध्यम से 28 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

अनारक्षित टिकट पर डिजिटल लाभ

विदिशा। रेलवन एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से 3 प्रतिशत बोनस लाभ मिलेगा। यह सुविधा प्रायोगिक तौर पर 14 जुलाई तक जारी रहेगी। पहले यह लाभ केवल आर-वॉलेट भुगतान पर मिलता था।

निशुल्क जांच व चिकित्सा शिविर आज

विदिशा। रविवार को सुबह 11 बजे सेठ भारती न्याय की कृष्णा कॉलोनी (दुर्गानगर) में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें हार्ट के डॉक्टर और नेक, कैंसर सर्जन डॉ प्रणय मंडारी उपलब्ध रहेंगे। सेवा भारतीय न्यास श्री कृष्ण कालोनी के अध्यक्ष डॉ हेमंत शिवहरा ने बताया कि इस शिविर में बीमारियों की जांच एवं चिकित्सा निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आज होगी

विदिशा। जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता आज सुबह 10:30 बजे से गणपत स्कूल में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में शतरंज खेल को बढ़ावा देना एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे आने का अवसर प्रदान करना है। विधायिक अवधी दिलीप गया, जिला चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सांसद पटेल, उपाध्यक्ष अटल तिवारी ने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वान किया है।

सिरोंज विधायक शर्मा की अनुशंसा पर 15 लाख की मदद जारी

सिरोंज। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा की अनुशंसा पर बैरसिया स्थित सरस्वती शिशु विहार संस्थान के समीप हुई सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को 15 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। दुर्घटना में एक स्कूलिंग वाहन और एक ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 10 लोग घायल हुए थे। दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख वहीं 10 घायलों को 50-50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

विदिशा पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन की वार्षिक बैठक में एकजुट हुए व्यापारी

विरोध: डी-मार्ट मॉल को बनने से रोकने व्यापारियों ने बनाई रणनीति

छोटे व मध्यम व्यापारियों के हित में आंदोलन की रूपरेखा बनाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर में प्रस्तावित डी-मार्ट की पुनर्स्थापना को रोकने, ई-कॉमर्स और बड़े मॉल-सुपर स्टोर्स से उत्पन्न मुश्किलों तथा छोटे व निम्न वर्ग के व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करने विदिशा पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन ने रविवार को बैठक की।

चर्चा से मती आ रही खेदी व्यापार की परंपरा पर बड़े कॉर्पोरेट नेटवर्क के कारण पड़ रहे दुष्प्रभावों को गंभीर मुद्दा बताया गया। नगर पंचायत के अनुसार बैठक में विदिशा। कार्यक्रम के दौरान व्यापार महासंघ सहित शहर के अन्य व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रतिभागियों ने कहा कि बड़ी कंपनियां सीधे मैन्युफैक्चरर्स से माल खरीदकर कम लागत पर बड़े शहरों और अब छोटे शहरों तक अपना नेटवर्क फैला रही हैं। इससे गली मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर स्थित छोटे व मध्यम दुकानदारों को भारी नुकसान हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुन्दरलाल जैन एवं उपाध्यक्ष व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन ने की।

इस अवसर पर राजेश जैन ने बताया कि रिजर्वेशन की तीन बीघा जमीन है लेकिन व्यापारी एकता के चलते वह निर्माण भी शुरू नहीं कर सके हैं। यदि इन शहरों में डी मार्ट जैसी अन्य इंडस्ट्रियल गतिविधियां शहर में नहीं चल सकती हैं। संगठित व्यापारियों को एक आवाज पर एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होना होगा। बैठक में सुरेश मोतियानी, राधेश्याम माहेश्वरी, मनोज चौरसिया, मनोज जैन, राजीव पोतलिया, विश्वनाथ अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता रहूंगा: मुन्नाभैया जैन

व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुन्नाभैया जैन ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि व्यापार महासंघ व्यापारियों के हितों की रक्षा का मंच है। यह राजनीति एवं अवसरवादी नहीं है और मैं इसमें राजनीति को प्रवेश भी नहीं करने दूंगा। पिछले चुनाव में हुए राजनीतिक हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए उन्होंने दो एक शब्दों में कहा कि इस कार्यकारिणी के द्वारा महासंघ को कमजोर करने जैसे कदम नहीं उठाए जाएंगे। जो लोग सीधे चुनाव की बात कर रहे हैं वे व्यापार महासंघ को कमजोर करने पर अड़े हैं और यह वे नहीं होने देंगे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि व्यापार महासंघ के चुनाव अपने सिद्धान्त से होंगे। नई कार्यकारिणी का गठन होने के बाद यदि नई कार्यकारिणी चाहे तो वैसे चुनाव कराने का फैसला ले कोई आपत्ति नहीं है।

किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

ब्लॉक कुरवाई से खागसेवा तक सैकड़ों किसानों ने की समर्थन मूल्य और गुजरवारे की मांग को कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा के तहत शनिवार विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कुरवाई और खामखेड़ा में किसान जन आंदोलन यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा कुरवाई से होते हुए ग्राम सुन्नाहा, उदयगिरि, जवार, कनारी, आमखेड़ी, लीलखेड़ा, खानखेड़ा, मिलौरी और करैया हार से खानखेड़ा पहुंची। यात्रा के दौरान किसानों ने गहराती खेती लागत के बीच फसलों के उचित समर्थन मूल्य की पुरजोर मांग उठाई। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत भार्गी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गेहूं एवं धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए तथा मक्का को समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने नकली बीज व खाद बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई, खाद की समय पर एवं पर्याप्त उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण में बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा, जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश जैन, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर पटेल, पूर्व विधायक रामेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

माघ शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा,2082

राजगढ, दिन सोमवार,दिनांक 19 जनवरी,2026

न्यूज गैलरी

नवोदय विद्यालय के लिए ऑनलाइन आवेदन आरंभ

राजगढ़। नवोदय आवासीय विद्यालय, एयरपोर्ट रोड, महावीरपुरा, ग्वालियर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह प्रवेश परीक्षा ग्वालियर एवं संभाग संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों भिंड, मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर, अशोकनगर, गुना, दतिया एवं शिवपुरी के विद्यार्थियों के लिए की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 28 जनवरी तक रहेगी।

जिला स्तरीय खेलो एमपी 20 और 21 जनवरी को

राजगढ़। जिला स्तरीय खेलो एमपी शूट गेम्स का आयोजन 20 एवं 21 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से होगा। स्लॉट मुकाबले 12 जनवरी से चल रहे हैं। इसके तहत पहले दिन फुटबॉल, योगासन, डॉजी, बैडमिंटन, जूडो, कुश्ती, एटलेटिक्स, तैराकी, मल्लखंभ, रोलिंग, टेबिल टेनिस आदि खेल हुए। वहीं 14 जनवरी क्रिकेट व 17 खेल कबड्डी, योगासन, वॉलीबॉल, खो-खो, स्पलाकली की शुरुआत हुई।

एकलव्य स्कूल के लिए ऑनलाइन आवेदन आरंभ

राजगढ़। आवासीय स्कूलों की कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन आरंभ हैं। एडमिशन परीक्षा के माध्यम से होंगे। कक्षा 6 के लिए 80 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें 30 सीटें बालकों एवं 30 सीटें बालिकाओं के लिए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 है। प्रवेश-पत्र 15 फरवरी आवासीय के लिए जा सकेंगे। से

पैदल जा रहे व्यक्ति को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

राजगढ़। करनवास थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर मटखेडी गांव के समीप शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पैदल जा रहे 55 वर्षीय व्यक्ति को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी। मृतक की पहचान हरिसिंह पिता लालसिंह वर्मा 55 निवासी पटखेड़ी के रूप में हुई है। यह शनिवार शाम को समय पैदल कहीं जा रहा था, तभी हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में हरिसिंह को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल ब्यावरा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न

छाए बादल, तापमान में हुई बढ़ोतरी

ब्यावरा। शनिवार को मौसम में अचानक बदलाव हुआ और आसमान में बादल छा गए।

सिंचाई परियोजना डैम येयरघ्से ,सेत तक कैसे पहुंचे पानी इसी देखने पहुंचे ग्रामीण

मोहनपुरा-कुंडालिया की तरह छग के 13 गांवों में खेतों तक पहुंचाएंगे पानी

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

छत्तीसगढ़ में भी मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना को लाने पर सिंचाई सुविधा को जमीन पर उतारने की तैयारियां है। इसके लिए छत्तीसगढ़ से राजगढ़ पहुंचे 56 सदस्यों वाले दल ने दूसरे दिन शनिवार को खेतों, पंप हाउस पर पहुंचकर पानी पहुंचने की प्रणाली को देखा व समझा। दूसरे दिन मोहनपुरा के मोघीपुरा पंप हाउस से देखने के बाद राजस्थान बार्डर तक किसानों के खेत में बन चुके रास्तों से किसानों के खेत तक सिंचाई के पानी के पहुंचने के तरीके को देखा।

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना देश की पहली दूसरी ऐसी परियोजनाएं है, जिनसे 2.00 लाख हेक्टेयर में अंबापालक पाइपलाइनों के जरिए पानी को लिफ्ट करते हुए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। अब राजगढ़ की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी यहां के मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र बगिया में ड्रेसराइजड परियोजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। ऐसे में उसे सफल करने के लिए छत्तीसगढ़ से 56 सदस्यों का दल दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को राजगढ़ पहुंचा था। दूसरे दिन उन्होंने पानी लिफ्ट करने व सिंचाई करने के तौर-तरीकों को देखा। पानढोई के रास्ते मेढ़ पर बनाकर खेतों तक पहुंचाकर 50 किलोमीटर दूर से पानी को लिफ्ट कर कांठे किसानों के खेत तक पहुंचे पानी को देखा।

छत्तीसगढ़ में 13 गांवों में पानी पहुंचाने पर सलेका: हर दौरान पाइपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र बगिया में ड्रेसराइजड परियोजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। ऐसे में उसे सफल करने के लिए छत्तीसगढ़ से 56 सदस्यों का दल दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को राजगढ़ पहुंचा था। दूसरे दिन उन्होंने पानी लिफ्ट करने व सिंचाई करने के तौर-तरीकों को देखा। पानढोई के रास्ते मेढ़ पर बनाकर खेतों तक पहुंचाकर 50 किलोमीटर दूर से पानी को लिफ्ट कर कांठे किसानों के खेत तक पहुंचे पानी को देखा।

राजगढ़। में पानढोई के रास्तों से पानढोई सुविधा

दल ने फतेहपुर, मोघीपुरा, नवागांव, मुंडी सहित कुरावर और करनवास के कार्यालय से सीधे संवाद किया। संवाद के दौरान उन्हें अपने राज्य परियोजना और उनके निदान के तरीके के साथ ही पानी लेने के तरीके और कैसे पानी जब लाया जाएगा है, उसके बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए परियोजना प्रबंधक विकास राजोरिया।

दल ने फतेहपुर, मोघीपुरा, नवागांव, मुंडी सहित कुरावर और करनवास के कार्यालय से सीधे संवाद किया। संवाद के दौरान उन्हें अपने राज्य परियोजना और उनके निदान के तरीके के साथ ही पानी लेने के तरीके और कैसे पानी जब लाया जाएगा है, उसके बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए परियोजना प्रबंधक विकास राजोरिया।

उन्नति और सफलता के लिए महाकाल की करेंगे आराधना

छत्तीसगढ़ से आए दल ने जिले में दो दिनों तक रुकना कर जल उपयोग सहित और जल प्रबंधन के लिए परियोजना को सफल ही बनाने के सम्बन्ध लिया ले, लेकिन क्षेत्र जिलेवार को कंसाई कर ले जाने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई मानक प्रयास करने होंगे। इसके लिए वह सभी विकास मानक की उन्नति के साथ एनवीर्यमेंटल परियोजना की सफलता के लिए उज्जैन जिला बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। इसके लिए दो दल यह रात उज्जैन के लिए रवाना हो गया।

खेत में जाकर किसानों से किया संवाद, तकनीकी पहलू से कराया अवगत

किसानों खेत और भी नाराजगी करेंगे। हमारा यह प्रतिदल लगा इस साल पूरा होने को आया है अब और दूर-दराज के छोटे क्षेत्र में पानी ने जाने के हम प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ से आया दल का नेतृत्व कर रहे कलेक्टर श्री व्यास सहित अभियंता और किसानों के समक्ष परियोजना प्रशासक श्री राजोरिया और मुख्यकर मेघवाल ने बारीकी से हर गतिविधि से अवगत कराया। इस पानी को कंसाई पर ले जाकर वेंडिटी से किसानों के खेत पर पहुंचने के दौरान उपयोग में आने वाली तकनीकी, मशीनरी सहित अन्य उपकरणों से दल को अवगत कराते हुए उन्हें बताया कि एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सात युवकों के गिरोह द्वारा की जा रही थी, जो नीचे देखकर रफ्टर उखाड़ते और बाइकिंग वायर चुरा ले जाते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी से चुराई जानकारी जुटाई और प्रकरण में कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र पाचक ने बताया कि यह सीसीटी सरिया दुकान में बाइकिंग वायर चोरी होने की शिकायत पर टीम बनाकर आरोपियों गोलू, उर्फ गोलम पिता जागदीश जोशी 30, निवासी जूना ब्यावरा, राजा सिंह उर्फ बिट्टू पिता सत्तूर सिंह राजपूत 31 निवासी सुतलिया रोड, उदय पिता राधेश सेन 19 निवासी शहीद कालोनी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो टीमों ने सूरज पिता गोविंद सोनी 20 निवासी बखतपुरा, गोविंद उर्फ डोडो पिता बद्रीलाल परिहार 25 निवासी हाथीखाना, गोलू पिता बाबूलाल जाटव 26 निवासी शहीद कालोनी, अक्कास पिता कृष्णमोहन 19 निवासी सिंधा की बाकी के साथ दुकान से बाइकिंग वायर चोरी करना कबूला।

इंदौर नाका पर हुई चोरी का पर्दाफाश सात बदमाशों को किया गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

शहर के इंदौर नाका क्षेत्र में हो रही चोरी की घटना पर अखिरकार सिटी पुलिस ने अंकुश लगा दिया। सीनेट सरिया की दुकान को निशाना बनाकर कई दिनों तक चल रही बाइकिंग वायर चोरी की श्रृंखला का पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

4 से 16 जनवरी के बीच अज्ञात बदमाशों ने इंदौर नाका स्थित दुकानों ट्रेडर्स दुकान की छत को उखाड़कर बार-बार बाइकिंग वायर के बंडल चार कर दिए थे। धीरे-धीरे दुकान से करीब 57 हजार 500 रुपये का माल गायब हो गया। संचालक को शक होने पर जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो चोरी की पूरी वारदात कैमरे में कैद नजर आई थी। दुकान संचालक दीपक लखपाल द्वारा सिटी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। फुटेज के आधार पर तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

अलग-अलग इलाकों से संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में सामने आया कि चोरी की यह वारदात किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सात युवकों के गिरोह द्वारा की जा रही थी, जो नीचे देखकर रफ्टर उखाड़ते और बाइकिंग वायर चुरा ले जाते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी से चुराई जानकारी जुटाई और प्रकरण में कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र पाचक ने बताया कि यह सीसीटी सरिया दुकान में बाइकिंग वायर चोरी होने की शिकायत पर टीम बनाकर आरोपियों गोलू, उर्फ गोलम पिता जागदीश जोशी 30, निवासी जूना ब्यावरा, राजा सिंह उर्फ बिट्टू पिता सत्तूर सिंह राजपूत 31 निवासी सुतलिया रोड, उदय पिता राधेश सेन 19 निवासी शहीद कालोनी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो टीमों ने सूरज पिता गोविंद सोनी 20 निवासी बखतपुरा, गोविंद उर्फ डोडो पिता बद्रीलाल परिहार 25 निवासी हाथीखाना, गोलू पिता बाबूलाल जाटव 26 निवासी शहीद कालोनी, अक्कास पिता कृष्णमोहन 19 निवासी सिंधा की बाकी के साथ दुकान से बाइकिंग वायर चोरी करना कबूला।

इंदौर की घटना से सबक, ब्यावरा में सतर्कता बढ़ाई

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

ब्यावरा: इंदौर में हाल ही में जल जनित रोगों से उत्पन्न हुई स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ब्यावरा ने आम जनता से सावधानी बरतने की अपील की है। नगर क्षेत्र के समस्त वार्डों के नागरिकों से कहा गया है कि वे प्रवेश उबला हुआ पानी ही पीएं तथा 20 लीटर या एक बाल्टी पानी में 500 एमजी क्लोरीन टैबलेट का उपयोग अवश्य करें। किसी भी स्थिति में नदी, तालाब अथवा खुले कुएं के पानी का सेवन न करें। नगर पालिका ने पेयजल स्रोतों के आसपास गंदगी न करने और कचरा न फेंकने की अपील करते हुए

जल स्रोतों

पशुओं, बाड़ी बीजन एवं नहाने से दूर रखने की सलाह दी गई है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए शौचालय पहले और बाद में तथा शौचालय उपयोग के बाद साबुन या डेटॉल से हाथ धोने की अपील की गई है। सीएमओ इकबाल अहमद ने कहा कि दूषित पानी से अधिकांश बीमारियों की जड़ है, इसलिए घरों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पेट दर्द, उल्टी, दस्त या बुखार की शिकायत हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

कोटीकलां के हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने दिया एकता का संदेश

डीआर संवाददाता ✉ अकलवा

रविवार को रणथंभौर धाम कोटीकलां में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वधर्म की मुख्यधारा सुबह 10 बजे हिरामन बाबा मंदिर से निकली कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, सामाजिक एवं संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के पश्चात सम्मेलन का शुभारंभ भगवान श्रीराम, माता माता, तुलसी पूजन एवं दीपक पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती हुई, इसके बाद समरसता भोज का आयोजन किया गया। सम्मेलन का संचालन सुरेश बड़वंशी (जिला समरसता संयोजक) ने किया, जबकि आभार मान सिंह मीणा ने व्यक्त किया। सम्मेलन में वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. नमिता जैन ने कहा कि आज हिंदुओं को शास्त्र और शस्त्र-दोनों की शिक्षा समान रूप से आवश्यक है।

सिआरपीएफ जवान की सड़क हादसे में मौत

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

सिरोंजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हालाखेड़ी में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सीआरपीएफ के जवान की जान चली गई। हादसा गांव के पास राजाखा किनारे जोड़ पर हुआ, जहां मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना हालाखेड़ी निवासी जवान सुरेश कुमार साहूवाल वर्मा (26) पुत्रान्न से गंभीर में सीआरपीएफ में आरक्षक के पद पर तैनात था। पुलिस के अनुसार शनिवार को उन्हें अवकाश पर मोगल से सड़क

द्वारा अपने गांव लौट रहा था, लेकिन गांव पहुंचने से पहले ही इस हादसे ने उनकी जान ले ली। बताया जा रहा है कि वे दौरान खुलेड़ के साथ उसका एक साथी सवार थे। घटने अपने साथी को उसके गांव हिनोतिया खेड़ा और फिर परिवार से मिलने की खुशी में अपने गांव की ओर निकल पड़ा। गांव के समीप तालाब किनारे स्थित जोड़ पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचे और शवों को जिलामुख्यालय अस्पताल में भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। जवान की अचानक मौत से परिजन गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

72 समितियां ई-पैक्स के रूप में करने लगीं कार्य, किसानों को मिलेगा लाभ

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से जिला राजगढ़ी केंद्रीय बैंक से सम्बद्ध पैक्स समितियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है, जिससे सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता एवं त्वरित आपरेशन रोकर सुनिश्चित की जा सकें। ऐसे में राजगढ़ जिले में 72 समितियां ई-पैक्स के रूप में कार्य करने लगी हैं। जिसमें 1.50 लाख किसानों को

अब मिल सकेगा महत्वपूर्ण परियोजना अंतर्गत जिले में बहुउद्देशीय कार्य के लिए समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से जिले की कुल 140 पैक्स समितियों के कर्मचारियों को समय समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही आवश्यक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल से जिले के सहकारिता क्षेत्र में किसानों के लेनदेन को सरल, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले की 140 पैक्स समितियों का वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का सिस्टम ऑडिट पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में जिले की 72 से अधिक पैक्स समितियां ई-पैक्स के रूप में रियल टाइम लेनदेन कार्य करने लगी हैं। शेष समितियों द्वारा भी 26 जनवरी 2026 तक कम्प्यूटरीकरण पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कम्प्यूटरीकरण से जिले के 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

मौसम में राहत वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर... रविवार रात सर्दी से कुछ राहत

24 घंटे से कम समय में 5.4, बढ़ा न्यूनतम तापमान, 70 दिन बाद 10, के पार पहुंचा रात का पारा

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

बीते करीब 70 दिनों से कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे जिलेवासियों को आखिरकार रविवार रात सर्दी से कुछ राहत मिली। रविवार को मौसम में आए तेज बदलाव के चलते 8 नवंबर के बाद पहली बार 18 जनवरी की रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खास बात यह रही कि करीब ढाई माह तक शरीर चीरकर रखने वाला रात का तापमान महज एक ही रात में तेजी से बढ़ा। इससे पहले शनिवार को न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस समय राजगढ़ के

सामान्य न्यूनतम तापमान से 3.1 डिग्री कम था। शनिवार दोपहर तक मौसम की स्थिति

ऐसी ही बनी रही। इसके बाद शाम से हल्के बादल छा गए, हवा में नमी बढ़ी और ठंडक का विकिरण कम होने से रविवार रात का न्यूनतम तापमान शनिवार के मुकाबले 5.4 डिग्री बढ़कर 10.4 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। तापमान में हुई इस असामान्य बढ़ोतरी का असर रविवार रात स्पष्ट रूप से देखने को मिला। पिछले करीब ढ़ कई महीनों से तेज ठंड में ठिठुर रहे वासियों को रात में केवल हल्की ठंडक ही महसूस हुआ। सुबह भी हल्की धांड़ छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद तेज धूप निकलने से दिन का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

एक्सपर्ट्स्न्यू इसलिए चढ़ा पारा

राजगढ़ जिले में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। शनिवार सुबह हल्के बादल छाए रहे, जबकि बाद में धूप निकल आई। अधिकतम तो कमर 31 डिग्री ऊँचाई पर राजस्थान के ऊपर 1.5 डिग्री ऊँचाई पर बने पश्चिमी परिसंचरण के संयुक्त असर से पिछले सप्ताह में नमी बढ़ी

अरुण शर्मा (मौसम सलाहकार परिवर्तन विशेषज्ञ और पश्चिमी वैज्ञानिक-डी) मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल है। बादलों के कारण रात में जमीन का विकिरण कम हुआ, जिससे न्यूनतम तापमान में तेज वृद्धि दर्ज की गई।

जमीन के नीचे छिपी थीं टंकियां, 1400 लीटर लहन नष्ट

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के गुणावली क्षेत्र में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के एक ठिकाने पर बड़ी कार्रवाई की है। गिरवई से कुछ दूर बिजलीपुर गांव के पास नदी किनारे खेतों में जमीन के नीचे छिपाई गई टंकियों में भारी मात्रा में लहन पाया गया।

रविवार तड़के सुबह आबकारी टीम ने खेतों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक स्थान पर अवैध शराब बनाने का ठिकाना मिला, जहां जमीन में बड़ी-बड़ी टंकियां गाड़कर शराब बनाने वाला लहान तैयार किया जा रहा था। इन टंकियों के ढक्कन बंद कर ऊपर से मिट्टी डाल दी गई थी। मौके के अनुसार पर जांच करने पर टंकियों में लहान भरा

मिला।

अशोकनगर के गुणावली में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए लहन को नष्ट करवाया।

दो लाख से ज्यादा की है लहन तलाशी के दौरान कुल 8 टंकियां बरामद हुईं, जिनमें अवैध शराब बनाने के लिए लहन रखा गया था। आबकारी विभाग ने इन सभी टंकियों को जमीन से बाहर निकालकर उनमें भरे लगभग 1 हजार 400 लीटर लहन को नष्ट कर दिया। नष्ट किए गए लहन की अनुमानित कीमत 2 लाख 12 हजार रुपए बताई गई है। मौके से 10 लीटर हाथ भट्ठी से बनी शराब भी जब्त की गई। इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत चार प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

यह कार्रवाई कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेश और आबकारी अधिकारी जीपी बंजारे के मार्गदर्शन में गुणावली दूत में की गई। इसमें सहायक आबकारी अधिकारी आजाद सिंह आर्य, आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी, आरक्षक अजय सिंह तोमर, वैजन्ती खरे, शिवानी मिलाता और नगर सैनिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।